**Need to increase the number of beds in ESIC Hospital, Adityapur and establish an ESIC hospital in Moubhandar, Ghatshila in Jharkhand-Laid**

श्री बिद्युत बरन महतो **(**जमशेदपुर**) :** इ.एस.आई.सी अस्पताल आदित्यपुर का (आईपी) लगभग 2 लाख है, जो यह स्पष्ट करता है कि यहां पर हर दिन बड़ी संख्या में श्रमिक इलाज के लिए आते हैं । यह आंकड़ा यह सिद्ध करता है कि अस्पताल में बेड की संख्या बहुत कम है और यह समस्या लगातार बढ़ती जा रही है । मेरे संसदीय क्षेत्र में घाटशिला अंतर्गत मुहभण्डार क्षेत्र में HCL की कॉपर माइंस, UCIL माइंस, राइस मिल और अन्य कई नए उद्योग स्थापित हो रहे हैं जिससे वहां कार्यरत श्रमिकों को चिकित्सा की कोई सुविधा नही है और यहाँ से श्रमिकों एवं उनके परिवारों को स्वास्थ्य सम्बंधित समस्याओं के निवारण हेतु एक-मात्र अस्पताल ESIC आदित्यपुर जाना पड़ता है जो कि लगभग 100 किमी से भी अधिक दूरी पर स्थित है **।** मेरा माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि इ.एस.आई.सी अस्पताल, आदित्यपुर में बेड्स की कम संख्या को देखते हुए ESIC अस्पताल में बेड्स की संख्या को बढ़ा दिया जाए,साथ ही ESIC अस्पताल की एक शाखा मुहभण्डार, घाटशिला में स्थापित करने की कृपा करें ।